Changes in Railway Recruitment like IAS, IPS

पर्चा लीक और हाईटेक नकल के भंडाफोड़ के बाद रेलवे भर्ती बोर्ड अपने परीक्षा पैटर्न में व्यापक बदलाव करने जा रहा है। अब आरआरबी में भी आईएएस और पीसीएस परीक्षाओं की तरह पहले प्री परीक्षा होगी। इसमें पास अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा देंगे। पिछले दिनों हुई आरआरबी की नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी (एनटीपीसी) की परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थियों को भी मेंस परीक्षा देनी होगी।

चेयरमैनों के सुझाव पर बना खाका

पिछले महीने नई दिल्ली में रेलवे बोर्ड में बैठक हुई जिसमें देशभर के सभी भर्ती बोर्ड के चेयरमैनों ने सुझाव दिए थे। इन सुझावों के आधार पर ही बदलाव का खाका तैयार हुआ है। रेलवे बोर्ड सूत्रों के अनुसार अब मुख्य परीक्षा से पहले प्री परीक्षा भी होगी। उसमें कुल पदों से दस प्रतिशत ज्यादा अभ्यर्थियों को चुना जाएगा। उनकी मुख्य परीक्षा होगी।

एसटीएफ कर रही जांच

पिछले महीनों में हुई एनटीपीसी परीक्षा में इलाहाबाद में पर्चा लीक हुआ था। एसटीएफ ने छापा मारकर इलाहाबाद के चार परीक्षा केन्द्रों से नकल माफिया को पकड़ा और कई कंप्यूटर सीज किए। जांच में हरियाणा और उत्तर प्रदेश में व्यापक नकल की पुष्टि हुई। इसके मद्देनजर देशभर के रेलवे भर्ती बोर्ड में ये बदलाव किया जा रहा है।

यह होंगे बदलाव

यूपीएससी की तर्ज पर पहले प्री परीक्षा, उसके बाद मेंस परीक्षा होगी।
प्री परीक्षा में कुल पदों से 10 प्रतिशत ज्यादा अभ्यर्थी चुने जाएंगे।
परीक्षा केन्द्र का नाम परीक्षा से दो दिन पहले तक गुप्त रखा जाएगा।
किस शहर में परीक्षा देनी है, इसकी सूचना 21 दिन पहले दी जाएगी।
परीक्षार्थी और परीक्षा एजेंसी के एजेंट गृह जनपदसे दूर भेजे जाएंगे।
परीक्षा केन्द्र पूरी छानबीन के बाद तय किए जाएंगे।
बदनाम/पर्चा लीक होने वाले केन्द्रों पर परीक्षा कभी नहीं होगी।
परीक्षा केन्द्र के सारे कंप्यूटर एक दिन पहले आरआरबी के कब्जे में होंगे।
इन्हें सील कर दिया जाएगा और सारे पॉवर ऑफ कर दिए जाएंगे।
कंप्यूटरों पर एक खास सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर इंस्टाल करेंगे।
जो दूसरे सॉफ्टवेयर सर्च कर उसके रन करने पर कंप्यूटर बंद कर देगा।